


अण्डमान निकोबार
# द्वीप समाचार




रजि.न.34300/80 | संख्या 89 | श्री विजय पुरम, गुरूवार, 02 अप्रैल 2026 | web: dt.andamannicobar.gov.in | 2.00 रूपए

## संदेश



मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में जनगणना 2027 शुरू हो चुकी है। यह कार्य दो चरणों में किया जाएगा। पहला चरण, घरों की सूची तैयार करने का अभियान, 16 अप्रैल, 2026 से 15 मई, 2026 तक निर्धारित है, जिसके बाद फरवरी, 2027 में जनसंख्या गणना की जाएगी। पहले चरण के दौरान, घरों की संपत्ति और सुविधाओं से संबंधित आंकड़े एकत्र किए जाएंगे।

डिजिटल इंडिया पहल के तहत, भारत सरकार ने आम जनता के लिए एक समर्पित वेब पोर्टल (https://se.census.gov.in) के माध्यम से स्व–गणना (एसई) की सुविधा शुरू की है। यह पहल निवासियों को जनगणना प्रक्रिया में सीधे भाग लेने का एक सुविधाजनक और सुरक्षित माध्यम प्रदान करती है।

मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह उन पहले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शामिल है जहां 1 अप्रैल, 2026 से स्व–गणना शुरू होगी।

स्व–गणना पोर्टल 15 अप्रैल, 2026 तक पंद्रह दिनों की अवधि के लिए सुलभ रहेगा। यह पोर्टल परिवारों को अपनी जनगणना संबंधी जानकारी जमा करने के लिए एक सरल, सुरक्षित और लचीला मंच प्रदान करता है।

जनगणना के आंकड़े अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये राष्ट्रीय स्तर पर योजना और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण आधार का कार्य करते हैं। इसलिए मैं द्वीपसमूह के सभी परिवारों से आग्रह करता हूँ कि वे स्वयं जनगणना में भाग लेकर और अपनी जानकारी प्रदान करके राष्ट्र की प्रगति में योगदान दें।

ह.<br>
(एडमिरल डी.के. जोशी)<br>
पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, एनएम, वीएसएम (अ.प्रा.)<br>
उप राज्यपाल<br>
अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह<br>
एवं उपाध्यक्ष, द्वीप विकास एजेंसी





एडमिरल डी. के. जोशी, पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, एनएम, वीएसएम (अ.प्रा.), माननीय उप राज्यपाल, अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह एवं उपाध्यक्ष, द्वीप विकास एजेंसी ने ग्रेट निकोबार द्वीप स्थित इंदिरा प्वाइंट प्रकाश स्तंभ एवं राष्ट्रीय स्मारक के प्रस्तावित सुदृढ़ीकरण और विकास पर एक प्रस्तुति की समीक्षा की। इस अवसर पर अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के मुख्य सचिव, अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, अनिडको तथा प्रकाश स्तंभ एवं प्रकाश पोत महानिदेशालय के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## अण्डमान–निकोबार में 2027 की जनगणना के अंतर्गत आवास सूचीकरण कार्य का स्व–गणना अभियान प्रारंभ





श्री विजय पुरम, 1 अप्रैल

2027 की जनगणना का प्रथम चरण अण्डमान तथा निकोबार केंद्र शासित प्रदेश में प्रारंभ हो गया है। यह केंद्र शासित प्रदेश उन पहले राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के समूह में शामिल है, जहाँ आवास सूचीकरण एवं आवास गणना के अंतर्गत स्व–गणना प्रक्रिया, जो जनगणना 2027 का प्रथम चरण है, 1 अप्रैल, 2026 से आरंभ हो चुकी है।

इस अभियान की शुरुआत अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के माननीय उप राज्यपाल एवं द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी.के. जोशी, पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, एनएम, वीएसएम (अ.प्रा.) के स्व–गणना के साथ हुई। जनगणना दल, जिसमें जनगणना कार्य संचालन निदेशक सह दक्षिण अण्डमान की उपायुक्त श्रीमती पूर्वा गर्ग, सचिव, श्री विजय पुरम नगरपालिका परिषद (एसवीपीएमसी) सह प्रभारी जनगणना अधिकारी श्री कमलश्वर राव एस. तथा जनगणना कार्य संचालन निदेशालय के संयुक्त निदेशक श्री चंद्र मोहन जोशी शामिल थे, ने लोक निवास में माननीय उप राज्यपाल से भेंट कर उन्हें इस ऐतिहासिक स्व–गणना अभियान के अंतर्गत सम्मिलित किया, जो भारतीय जनगणना के इतिहास में पहली बार संचालित किया जा रहा है।

जनगणना कार्य संचालन निदेशालय से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार माननीय उप राज्यपाल को जनगणना 2027 की डिजिटल पहलों, स्व–गणना की प्रक्रिया तथा द्वीपसमूह में चल रहे जनगणना कार्य की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर माननीय उप राज्यपाल की सचिव श्रीमती ज्योति कुमारी भी उपस्थित थीं।

## माननीय सांसद द्वारा द्वीपों के लिए बढ़ते हवाई किरायों को नियंत्रित करने की केंद्र से अपील

श्री विजय पुरम, 1 अप्रैल

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के माननीय सांसद श्री बिष्णु पद राय ने श्री अमित शाह, माननीय केंद्रीय गृह मंत्री तथा श्री किंजरापु राममोहन नायडू, माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री, भारत सरकार से मुख्यभूमि भारत और श्री विजय पुरम (अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह) के बीच अत्यधिक बढ़े हुए हवाई किरायों को नियंत्रित करने हेतु त्वरित हस्तक्षेप की पुरजोर अपील की है।

मुद्दे की गंभीरता को रेखांकित करते हुए माननीय सांसद ने कहा कि श्री विजय पुरम को चेन्नई, कोलकाता और विशाखापट्टनम जैसे शहरों से जोड़ने वाले मार्गों पर हवाई किराये चिंताजनक स्तर तक पहुंच गए हैं। एकतरफा टिकट के दाम प्रायः 18,000 रुपये से 35,000 रुपये के बीच रहते हैं, जबकि व्यस्त मौसम और आपात स्थितियों में यह किराया अक्सर 40,000 रुपये से 50,000 रुपये से भी अधिक हो जाता

शेष पृष्ठ 4 पर

## मुख्य सचिव ने की स्व–गणना पूर्ण



श्री विजय पुरम, 1 अप्रैल

2027 की जनगणना का प्रथम चरण अण्डमान तथा निकोबार केंद्र शासित प्रदेश में प्रारंभ हो गया है। यह केंद्र शासित प्रदेश उन पहले राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के समूह में शामिल है, जहाँ आवास सूचीकरण एवं आवास गणना के अंतर्गत स्व–गणना प्रक्रिया, जो जनगणना 2027 का प्रथम चरण है, 1 अप्रैल, 2026 से आरंभ हो चुकी है।

श्रीमती पूर्वा गर्ग, जनगणना कार्य संचालन निदेशक, अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह सह उपायुक्त, दक्षिण अण्डमान अपने जनगणना दल के साथ, जिसमें जनगणना कार्य संचालन निदेशालय के संयुक्त निदेशक श्री चंद्र मोहन जोशी, सहायक निदेशक श्री बिस्वास भूषण दास तथा अन्य अधिकारी शामिल थे, ने अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार से भेंट कर उन्हें स्व–गणना के प्रथम दिवस पर इस ऐतिहासिक स्व–गणना अभियान के अंतर्गत सम्मिलित किया, जो भारतीय जनगणना के इतिहास में पहली बार संचालित किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के दौरान मुख्य सचिव को जनगणना की अवधारणाओं तथा स्व–गणना की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## जनगणना 2027 हेतु पर्यवेक्षकों एवं गणनाकारों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

श्री विजय पुरम, 1 अप्रैल

श्री विजय पुरम नगरपालिका परिषद ने सूचित किया है कि 2027 की जनगणना के संचालन हेतु नामित अधिकारियों को पर्यवेक्षक एवं गणनाकार के रूप में नियुक्त किया गया है।

इस संबंध में, नियुक्त अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, जो 4, 6 तथा 7 अप्रैल, 2026 को संबंधित स्थलों पर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। सभी नियुक्त अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि वे प्रशिक्षण सत्रों के सुचारु प्रारंभ को सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित तिथियों पर सुबह 8.45 बजे तक स्थल पर उपस्थित हों।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार यह भी सूचित किया गया है कि नियुक्ति संबंधी संदेश संबंधित अधिकारियों को पहले ही लघु संदेश सेवा (एसएमएस) तथा पंजीकृत ई–मेल पते के माध्यम से भेजे जा चुके हैं। अधिकारियों की सूची संबंधित विभागों द्वारा प्रायोजित की गई है, अतः श्री विजय पुरम नगरपालिका परिषद के लिए आवंटित दायित्वों में किसी प्रकार का परिवर्तन करना संभव नहीं है। (सूची एवं शेष भाग भीतर पृष्ठ 3 पर)

## अभिलेखागार में विद्यार्थियों का इंटर्नशिप संपन्न



श्री विजयपुरम, 1 अप्रैल

पंडिचेरी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम के अंतर्गत यहां के जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय (जेएनआरएम) के इतिहास एवं कंप्यूटर विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने अण्डमान तथा निकोबार अभिलेखागार में पंद्रह दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने तथा क्षेत्र आधारित अधिगम को बढ़ावा देने के लिए इंटर्नशिप अनिवार्य की गई है।

इस कार्यक्रम में इतिहास विभाग के कुल 24 तथा कंप्यूटर विज्ञान विभाग के 2 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम 9 से 31 मार्च तक सचिवालय स्थित अण्डमान तथा निकोबार अभिलेखागार में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से आयोजित किया गया। इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों को अभिलेखीय अनुसंधान, दस्तावेज़ संरक्षण तथा ऐतिहासिक आंकड़ा प्रबंधन का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। साथ ही, उन्होंने अण्डमान तथा निकोबार

शेष पृष्ठ 4 पर

## राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल में ध्वनि एवं प्रकाश कार्यक्रम का समय बदला

श्री विजय पुरम, 1 अप्रैल

राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल में ध्वनि एवं प्रकाश कार्यक्रम के समय में संशोधन किया गया है, जो 2 अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगा। संशोधित समय सारणी निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | ध्वनि और प्रकाश शो | ध्वनि और प्रकाश शो का समय | |
|---|---|---|---|
| | | से | को |
| 1. | पहला शो | शाम 5.50 बजे | शाम 6.35 बजे |
| 2. | दूसरा शो | शाम 6.50 बजे | शाम 7.35 बजे |
| 3. | तीसरा शो | शाम 7.50 बजे | रात्रि 8.35 बजे |

## छोटे चीरे, बड़ा इलाज: जीबी पंत अस्पताल/अनिम्स में कीहोल सर्जरी से उन्नत पेट के कैंसर का सफल उपचार







श्री विजय पुरम, 1 अप्रैल

47 वर्षीय एक पुरुष मरीज़ लगातार ऊपरी पेट में दर्द, जल्दी पेट भरने का अहसास, भूख में कमी तथा अत्यधिक वजन घटने जैसे लक्षणों के साथ जीबी पंत अस्पताल, श्री विजय पुरम पहुंचा। ये लक्षण अक्सर गंभीर जठर संबंधी रोगों की ओर संकेत करते हैं, लेकिन प्रारंभिक अवस्था में इन्हें

शेष पृष्ठ 4 पर

## समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए आईसीजी राजदूत द्वीपों में स्थानांतरित



श्री विजय पुरम, 1 अप्रैल

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, भारतीय तटरक्षक बल ने 1 अप्रैल, 2026 को आईसीजीएस राजदूत को न्यू मैंगलोर से श्री विजय पुरम में स्थानांतरित कर दिया है। इस रणनीतिक कदम का उद्देश्य भारत के सबसे संवेदनशील और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री क्षेत्रों में से एक में समुद्री उपस्थिति को मजबूत करना और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को बढ़ाना है।

आईसीजीएस राजदूत 50 मीटर लंबा स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित तीव्र गश्ती पोत है। यह पोत अपनी

शेष पृष्ठ 4 पर

# निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान का कड़ाई से पालन अनिवार्य

श्री विजय पुरम, 1 अप्रैल

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के निजी विद्यालयों को बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2012 के अंतर्गत अध्याय 4 के नियम 12 (1) (सी) का कड़ाई से पालन करना होगा। इस प्रावधान के अनुसार, कक्षा पहली से कक्षा 8वीं तक प्रत्येक कक्षा में कम से कम 25 प्रतिशत सीटें निकटवर्ती कमज़ोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के लिए आरक्षित रखी जाएंगी तथा उन्हें प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण होने तक निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, यदि धारा 2 के खंड (एन) में निर्दिष्ट कोई विद्यालय पूर्व–प्राथमिक शिक्षा प्रदान करता है, तो ऐसे पूर्व–प्राथमिक कक्षाओं में प्रवेश के लिए भी उपरोक्त प्रावधान लागू होंगे।

शिक्षा निदेशालय से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार कमज़ोर वर्ग एवं वंचित समूह से संबंधित पात्र विद्यार्थियों के अभिभावक अपने–अपने क्षेत्र के अंचल अधिकारियों से संपर्क कर प्रवेश प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं, जो 6 अप्रैल से उपलब्ध होंगे। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेज़ों सहित अधिकतम 10 अप्रैल तक संबंधित अंचल अधिकारियों के पास जमा किए जा सकते हैं।

# राष्ट्रीय अधिगम सप्ताह 'साधना' आज से

श्री विजय पुरम, 1 अप्रैल

क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी) द्वारा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग तथा कर्मयोगी भारत के सहयोग से राष्ट्रीय अधिगम सप्ताह (एनएलडब्ल्यू) या 'साधना' (राष्ट्रीय उन्नति हेतु अनुकूली विकास एवं मानवीय अभिरुचि सुदृढ़ीकरण सप्ताह) का दूसरा संस्करण 2 से 8 अप्रैल, 2026 तक आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय अधिगम सप्ताह का उद्देश्य राष्ट्रीय क्षमता निर्माण तंत्र को सुदृढ़ करना तथा सेवा भाव की भावना को और मजबूत करना है।

चूंकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में क्षमता निर्माण सरकार का एक प्रमुख केंद्र बिंदु है, इसलिए कर्मचारियों को आईगॉट पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों के माध्यम से विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बारे में सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों को आईगॉट मंच पर उपलब्ध निःशुल्क उन्नत स्तर के पाठ्यक्रमों को पूर्ण कर अपनी कार्यात्मक एवं व्यवहारिक दक्षताओं को बढ़ाने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

राष्ट्रीय अधिगम सप्ताह के दौरान विभागों एवं कर्मचारियों को समय पर तकनीकी सहायता प्रदान करने हेतु अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के 15 कर्मचारियों की विशेष तकनीकी टीम का गठन किया गया है। यह टीम प्रतिदिन सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक सेवाएं प्रदान करेगी। विभाग इस टीम से संपर्क हेतु निर्धारित ई–मेल आईडी **sup-krm-sectt@and.nic.in** का उपयोग कर सकते हैं।

## समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए

पृष्ठ 1 का शेष

उच्च गति, उत्कृष्ट संचालन क्षमता और निरंतर परिचालन क्षमता के लिए जाना जाता है, जो इसे समुद्री अभियानों की एक विस्तृत श्रृंखला को अंजाम देने में सक्षम बनाता है। यह पोत तटीय निगरानी, अवरोधन अभियान, समुद्री कानून प्रवर्तन और त्वरित प्रतिक्रिया कार्यों के लिए सुसज्जित है, जो इसे गतिशील समुद्री वातावरण में विविध परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम एक बहुमुखी मंच बनाता है।

श्री विजय पुरम पहुंचने पर, तटरक्षक रीति–रिवाज़ों के अनुसार जहाज़ का औपचारिक स्वागत किया गया। इस समारोह के साथ ही जहाज़ को द्वीपों के परिचालन ढांचे में औपचारिक रूप से शामिल किया गया। आईसीजीएस राजदूत की तैनाती से अण्डमान तथा निकोबार कमान की समुद्री निगरानी, कानून प्रवर्तन, खोज एवं बचाव कार्य, चिकित्सा निकासी और अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में समुद्री आपात स्थितियों पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## छोटे चीरे, बड़ा इलाजः जीबी पंत अस्पताल

पृष्ठ 1 का शेष

प्रायः नजरअंदाज़ कर दिया जाता है। समय पर एंडोस्कोपी एवं सीटी स्कैन के माध्यम से जांच करने पर पेट के एक आक्रामक "सिगनेट रिंग" प्रकार के एडेनोकार्सिनोमा (कैंसर) का निदान हुआ, जो अपने फैलाव और जटिल उपचार के लिए जाना जाता है।

मरीज़ का अत्याधुनिक लैप्रोस्कोपिक सबटोटल डी2 गैस्ट्रेक्टॉमी विद गैस्ट्रोजेजुनोस्टॉमी ऑपरेशन किया गया, जिसे पूरी तरह कीहोल सर्जरी (छोटे चीरे के माध्यम से) द्वारा संपन्न किया गया। जटिलता के बावजूद सर्जिकल टीम ने कैंसर उपचार के मूल सिद्धांतों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया, जिसमें ट्यूमर को पूरी तरह क्लियर मार्जिन के साथ हटाना तथा पर्याप्त डी2 लिम्फ नोड डिसेक्शन करना शामिल है। यह सटीकता कैंसर को पूर्ण रूप से हटाने और दीर्घकालिक बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

यह सर्जरी सफलतापूर्वक प्रो. डॉ. सजी वर्गीज, परामर्शदाता मिनिमल एक्सेस सर्जन एवं डॉ. अनीस अख़्तरखावेरी, सुपर स्पेशलिस्ट पीडियाट्रिक सर्जन द्वारा उनकी समर्पित टीम के साथ की गई। एनेस्थीसिया टीम का नेतृत्व डॉ. नारायण ने किया, जिन्होंने ऑपरेशन के दौरान मरीज़ की स्थिति को पूरी तरह स्थिर बनाए रखा, जबकि एसआईसीयू टीम ने ऑपरेशन के बाद मरीज़ की सुचारु एवं सतर्क निगरानी सुनिश्चित की।

इस मामले पर चर्चा करते हुए सर्जिकल टीम ने कहा, "जठर कैंसर के उपचार में केवल ट्यूमर को हटाना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि कैंसर संबंधी सिद्धांतों का सूक्ष्मता से पालन करना भी अत्यंत आवश्यक है। न्यूनतम आक्रामक सर्जरी में हुई प्रगति के साथ अब हम कीहोल तकनीक के माध्यम से भी समान स्तर की पूर्ण कैंसर सफाई प्राप्त कर सकते हैं, जिससे मरीज़ की शीघ्र रिकवरी संभव होती है और उपचार के परिणामों से कोई समझौता नहीं होता। हमारा उद्देश्य हमेशा पूर्ण, सटीक और मरीज़–विशिष्ट देखभाल प्रदान करना है।"

सर्जरी के अलावा, जीबी पंत अस्पताल व्यापक एवं व्यक्तिगत कैंसर देखभाल सुविधाएं भी प्रदान करता है। आगे का उपचार विस्तृत हिस्टोपैथोलॉजी एवं इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री (आईएचसी) जांच के आधार पर निर्धारित किया जाता है, जिससे प्रत्येक मरीज़ के लिए विशेष उपचार योजना तैयार की जा सके। महत्वपूर्ण रूप से, यहां निःशुल्क कीमोथेरेपी सेवाएं भी उपलब्ध हैं, जिससे उन्नत कैंसर उपचार समाज के सभी वर्गों के लिए सुलभ हो सके।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार यह मामला लक्षणों की शीघ्र पहचान, समय पर निदान और सटीक कैंसर सर्जरी के महत्व को रेखांकित करता है, साथ ही जीबी पंत अस्पताल की विश्वस्तरीय, न्यूनतम आक्रामक कैंसर उपचार क्षमता को भी दर्शाता है, जो समग्र एवं मरीज़–केंद्रित दृष्टिकोण के साथ प्रदान की जा रही है।

## द्वीप प्रशासन के मुख्य सचिव ने की

पृष्ठ 1 का शेष

द्वीपसमूह की समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की। इस अवधि में विद्यार्थियों ने अभिलेखीय सामग्री का सूचीकरण एवं अनुक्रमण, अभिलेखों का वर्गीकरण एवं दस्तावेज़ीकरण, ऐतिहासिक दस्तावेज़ों का डिजिटलीकरण तथा अभिलेखीय डेटाबेस के रखरखाव जैसी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम के समापन पर, सचिव (अभिलेखागार) श्रीमती ज्योति कुमारी (आईएएस) ने विद्यार्थियों के साथ अभिलेखागार में संवाद किया तथा उनके सीखने के अनुभवों की समीक्षा की। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों एवं उत्साह की सराहना की और उन्हें प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। सचिव ने भविष्य में भी इस प्रकार की पहल जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा कहा कि अभिलेखागार विद्यार्थियों को आगे भी ऐसे समृद्ध एवं ज्ञानवर्धक अवसर प्रदान करता रहेगा।

## माननीय सांसद द्वारा द्वीपों के लिए

पृष्ठ 1 का शेष

है। ये दरें समान दूरी वाले अन्य घरेलू मार्गों की तुलना में काफी अधिक हैं, जहां सामान्यतः किराया 5,000 रुपये से 10,000 रुपये के बीच होता है।

श्री राय ने बताया कि उन्होंने इस विषय को पहले भी सरकार के समक्ष उठाया था, जिसमें अप्रैल, 2025 में माननीय प्रधानमंत्री और संबंधित मंत्रियों को पत्र लिखना भी शामिल है। इसके उत्तर में नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा था कि हवाई किराये विमान नियम, 1937 के नियम 135 के तहत एयरलाइंस द्वारा निर्धारित किए जाते हैं तथा अत्यधिक मूल्य निर्धारण को रोकने के लिए डीजीसीए द्वारा नियामकीय निगरानी की जाती है। हालांकि, सांसद ने ज़ोर देते हुए कहा कि वर्तमान किराये न तो उचित हैं और न ही किफ़ायती, विशेषकर अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह जैसे दूरस्थ और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए, जहां हवाई यात्रा ही संपर्क का एकमात्र व्यावहारिक साधन है।

उन्होंने आगे बताया कि द्वीपों में लगभग 5 लाख निवासी रहते हैं, जिनमें से अधिकांश मध्यम एवं निम्न आय वर्ग से संबंधित हैं। लगभग 70–80 प्रतिशत हवाई यात्राएं चिकित्सा उपचार, शिक्षा, रोज़गार और सरकारी कार्यों जैसे आवश्यक उद्देश्यों के लिए की जाती हैं। टिकटों की ऊंची कीमत के कारण कई निवासियों को महत्वपूर्ण चिकित्सा उपचार में देरी करनी पड़ती है, आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है या महत्वपूर्ण यात्रा योजनाएं रद्द करनी पड़ती हैं।

सांसद कार्यालय से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार स्थिति को सामाजिक एवं मानवीय चिंता का विषय बताते हुए माननीय सांसद श्री बिष्णु पद राय ने केंद्र सरकार से तत्काल निम्नलिखित कदम उठाने का आग्रह किया–

(1) मुख्यभूमि भारत और श्री विजय पुरम के बीच संचालित मार्गों पर हवाई किरायों की अधिकतम सीमा निर्धारित करना,

(2) उड़ानों की संख्या बढ़ाना तथा एयरलाइंस के बीच प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना,

(3) इन मार्गों को विशेष प्रावधानों के अंतर्गत लाना, जिसमें दूरस्थ क्षेत्रों के लिए उड़ान योजना को सुदृढ़ करना शामिल है,

(4) मनमाने ढंग से किराया वृद्धि को रोकने के लिए प्रभावी निगरानी तंत्र स्थापित करना आदि।

श्री राय ने आशा व्यक्त की कि सरकार अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के लोगों के लिए सस्ती और समान हवाई संपर्क व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु शीघ्र और ठोस कदम उठाएगी।

# श्रम आयुक्त कार्यालय में तथा निर्माण मजदूरों के लिए क्षय रोग जांच हेतु आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित



श्री विजय पुरम, 1 अप्रैल

टीबी मुक्त भारत अभियान–100 दिवस अभियान के अंतर्गत, दक्षिण अण्डमान ज़िला स्वास्थ्य समिति (एनएचएम) द्वारा, श्रीमती पूर्वा गर्ग, उपायुक्त, दक्षिण अण्डमान के मार्गदर्शन में, श्रम आयुक्त कार्यालय, श्री विजय पुरम में "टीबी मुक्त कार्यस्थल पहल" के तहत शहरी संवेदनशील आबादी पर विशेष ध्यान देते हुए आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस स्वास्थ्य शिविर में कर्मचारियों एवं लाभार्थियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। शिविर में रक्तचाप (बीपी) मापन, रक्त शर्करा जांच, वजन मापन तथा क्षय रोग (टीबी) की जांच सहित आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। टीबी के शीघ्र पहचान एवं निदान को सुनिश्चित करने के लिए छाती का एक्स–रे की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

कार्यस्थल से आगे बढ़ते हुए, निर्माण स्थलों पर कार्यरत मजदूरों के लिए भी अन्य आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किया गया। ये शिविर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के सामने तथा अलर्इकडल अय्यनार मंदिर के निकट आयोजित किए गए, जिससे उन श्रमिकों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें, जिन्हें सामान्य परिस्थितियों में नियमित स्वास्थ्य जांच का अवसर कम मिलता है।

प्राप्त विज्ञप्ति में आम जनता को सलाह दी गई है कि यदि किसी व्यक्ति में टीबी के लक्षण जैसे दो सप्ताह से अधिक समय तक लगातार खांसी, बुखार, रात में पसीना आना, बिना कारण वजन घटना या बलगम में खून आना आदि दिखाई दें, तो वे तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच कराएं। टीबी एक पूर्णतः उपचार योग्य रोग है और इसकी जांच एवं उपचार सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क उपलब्ध है।

दक्षिण अण्डमान ज़िला स्वास्थ्य सोसायटी (ज़िला टीबी इकाई), राज्य टीबी इकाई तथा स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा किए जा रहे ऐसे समन्वित प्रयास, टीबी मुक्त वार्ड एवं पंचायतों के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ये पहल राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत मिशन के व्यापक लक्ष्य को साकार करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

# लिटिल अण्डमान में सर्फिंग महोत्सव 9 से 12 अप्रैल तक

श्री विजय पुरम, 1 अप्रैल

अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के पर्यटन निदेशालय द्वारा लिटिल अण्डमान में 9 से 12 अप्रैल, 2026 तक सर्फिंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव का उद्देश्य द्वीपों को जल क्रीड़ा और साहसिक पर्यटन के प्रमुख स्थल के रूप में बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सर्फर्स के साथ–साथ पर्यटक, स्थानीय उत्साही और प्रशासनिक अधिकारियों की भागीदारी की संभावना है। इस संबंध में, जहाज़रानी सेवा निदेशालय ने लिटिल अण्डमान के लिए जहाज़ एमवी नालंदा की विशेष यात्रा व्यवस्था की है, ताकि सर्फिंग में भाग लेने वाले सर्फर्स, पर्यटक, आम जनता और सरकारी अधिकारी आसानी से यात्रा कर सकें। यात्राओं का संचालन निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा:

Scan QR Code to open on mobile.

| जहाज़ का नाम | प्रस्थान तिथि और समय | |
|---|---|---|
| | श्री विजय पुरम से लिटिल अण्डमान तक | लिटिल अण्डमान से श्री विजय पुरम |
| नालंदा | 6 अप्रैल, 2026 रात 10 बजे | 7 अप्रैल, 2026 रात 10 बजे |
| | 8 अप्रैल, 2026 रात 10 बजे | 9 अप्रैल, 2026 रात 10 बजे |
| | 10 अप्रैल, 2026 रात 10 बजे | 11 अप्रैल, 2026 रात 10 बजे |
| | 12 अप्रैल, 2026 सुबह 10 बजे | 12 अप्रैल, 2026 रात 10 बजे |

उक्त यात्रा के लिए यात्री टिकट 2 अप्रैल, 2026 (गुरुवार) से जारी किए जाएंगे। आम जनता और कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी यात्रा की पूर्वव्यवस्था समय रहते कर लें। टिकट ऑनलाइन डीएसएस ई–टिकटिंग पोर्टल **https://dss.andamannicobar.gov.in/eticketing** के माध्यम से 24X7, सभी दिनों में बुक किए जा सकते हैं। उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए पोर्टल से सीधे जुड़ने वाला क्यू आर कोड भी प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त, टिकट स्टार्स टिकटिंग काउंटर से भी खरीदे जा सकते हैं, जो सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक और शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक खुला रहेगा।

# एनडीपीएस मामले में अनुवर्ती कार्रवाईः वित्तीय जांच के बाद सह–आरोपी फाइनेंसर गिरफ्तार




श्री विजय पुरम, 1 अप्रैल

मादक पदार्थों के विरुद्ध अपनी निरंतर सख़्त कार्रवाई को जारी रखते हुए, अण्डमान तथा निकोबार पुलिस के एंटी–नारकोटिक्स पुलिस थाना (एएनपीएस) ने बैकवर्ड एवं फॉरवर्ड लिंकज पर प्रभावी प्रहार करते हुए एक महत्वपूर्ण सह–आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिससे मादक पदार्थों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के प्रयासों को और मजबूती मिली है।

पूर्व में, एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत प्राथमिकी संख्या 07/2025 दिनांक 17 जून, 2025 में, विशेष खुफिया सूचना के आधार पर एंटी–नारकोटिक्स पुलिस थाना की टीम ने अण्डमान सी एवं एयरवेज, एयर कार्गो एंड कंटेनर सर्विसेज, शिवराम कॉम्प्लेक्स, मोहनपुरा, श्री विजय पुरम के निकट एक मादक पदार्थ की खेप को सफलतापूर्वक पकड़ा था, जिसमें 1.560 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया तथा आरोपी कावूर हेमंत राव, पुत्र श्री के. घनतेश्वर राव, आयु 34 वर्ष, निवासी अनारकली (प्ले ग्राउंड के पास), श्री विजय पुरम को गिरफ्तार किया गया था, जिसे जांच पूर्ण होने के पश्चात आरोपपत्रित किया गया।

आगे की जांच के दौरान मादक पदार्थ नेटवर्क से जुड़े वित्तीय लेन–देन एवं बैकवर्ड लिंकज का पता लगाने के लिए लगातार प्रयास किए गए। तकनीकी जांच, जिसमें वित्तीय लेन–देन एवं डिजिटल रिकॉर्ड का विश्लेषण शामिल था, के दौरान ए. नागनाथन, पुत्र स्व. एस. आर्मुगम, आयु 41 वर्ष, निजी कर्मचारी, निवासी हनुमान जंक्शन, हैडो, वार्ड संख्या–1, श्री विजय पुरम की संलिप्तता सामने आई, जो इस मादक पदार्थ तस्करी में फाइनेंसर के रूप में कार्य कर रहा था तथा आपूर्ति श्रृंखला को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा था।

विश्वसनीय सुरागों के आधार पर, एंटी–नारकोटिक्स पुलिस थाना की टीम ने 31 मार्च, 2026 को सह–आरोपी ए. नागनाथन को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। इस गिरफ्तारी से महत्वपूर्ण वित्तीय संबंधों एवं संचालन नेटवर्क का खुलासा हुआ है, जिससे मामले को और सुदृढ़ता मिली है।

इस मामले की जांच एंटी–नारकोटिक्स पुलिस थाना के सहायक उप–निरीक्षक सूर्य नारायण द्वारा, निरीक्षक के. बिनोज, थाना प्रभारी, एंटी–नारकोटिक्स पुलिस थाना के निकट पर्यवेक्षण में की जा रही है। वित्तीय लेन–देन, डिजिटल साक्ष्यों एवं बैकवर्ड–फॉरवर्ड लिंकज का पता लगाने में उनके सतत एवं परिश्रमी प्रयासों से सह–आरोपी की पहचान एवं गिरफ्तारी संभव हो सकी।

इस मामले का सफलतापूर्वक पता लगाना एवं जांच, उप पुलिस अधीक्षक (नारकोटिक्स) श्रीमती योमिता शर्मा (दानिप्स) के पर्यवेक्षण में तथा समग्र निगरानी में उप महानिरीक्षक पुलिस (सीआईडी), अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह श्री जितेन्द्र कुमार मीणा (आईपीएस) के निर्देशन में की गई। यह सफल अनुवर्ती कार्रवाई अण्डमान तथा निकोबार पुलिस की संगठित मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क को समाप्त करने तथा नशा मुक्त समाज सुनिश्चित करने के प्रति सतत सतर्कता एवं दृढ़ संकल्प को दर्शाती है।

सीआईडी के पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा जारी विज्ञप्ति में आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें और मादक पदार्थों की तस्करी या नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। आइए, हम सभी मिलकर एक सुरक्षित एवं नशा मुक्त समाज का निर्माण करें। ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना फोन नंबरों 112, 234216, 94342 80055 तथा 9531856080 पर दें।

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय द्वारा प्रकाशित तथा प्रबन्धक, राजकीय मुद्रणालय द्वारा मुद्रित, वितरण तथा विज्ञापन के लिए फोन–229465, प्रधान सम्पादक (प्रभारी) पी. कैरल डी. सोणी
e-mail:dweepsamachar@gmail.com

प्रपत्र– I
(नियम 3 (1) (क) देखें)

## विनियमन की धारा 7 (1) के अंतर्गत मसौदा मास्टर प्लान के प्रकाशन की सूचना

**अधिसूचना**

क्रमांक............ फा.सं. टीपी–22/सीई/2026/ अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह नगर एवं ग्रामीण नियोजन विनियम, 1994 (संख्या 7 ऑफ 1994) की धारा 7 की उप–धारा (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में, ग्रेट निकोबार द्वीप विकास क्षेत्र के लिए मसौदा मास्टर प्लान एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है और यह सूचना दी जाती है कि उक्त मसौदा मास्टर प्लान की एक प्रति नगर योजनाकार के कार्यालय के अतिरिक्त निम्नलिखित कार्यालयों में सभी कार्य दिवसों के कार्यालय समय के दौरान निरीक्षण के लिए उपलब्ध है :–

1. सहायक आयुक्त कार्यालय, कैम्पबेल बे, ग्रेट निकोबार द्वीपसमूह।
2. अनिडको लिमिटेड का कार्यालय, विकास भवन, श्री विजय पुरम।

ग्रेट निकोबार द्वीप समूह के लिए उक्त मसौदा मास्टर प्लान का विवरण नीचे दी गई अनुसूची में दिया गया है :

यदि किसी व्यक्ति, विभाग या किसी भी व्यक्ति को ग्रेट निकोबार द्वीप विकास क्षेत्र के लिए मसौदा मास्टर प्लान के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव हो, तो उसे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से तीस दिनों की समाप्ति से पहले नगर योजनाकार, मुख्य अभियंता कार्यालय, अण्डमान लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, अण्डमान और निकोबार प्रशासन, श्री विजय पुरम को भेजा जाना चाहिए। आपत्तियां/सुझाव ईमेल द्वारा tcpdtcp@gmail.com पर भी भेजे जा सकते हैं।

**अनुसूची**

1. मौजूदा भूमि उपयोग मानचित्र।
2. प्रस्तावित भूमि उपयोग मानचित्र।
3. ग्रेट निकोबार द्वीप विकास क्षेत्र के लिए मसौदा मास्टर प्लान की रिपोर्ट की एक प्रति जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं :

क) मानचित्रों और चार्टों द्वारा समर्थित एक वर्णनात्मक रिपोर्ट, जिसमें मसौदा मास्टर प्लान के प्रावधानों की व्याख्या की गई हो।
ख) मसौदा मास्टर प्लान के कार्यान्वयन का चरणबद्ध विवरण।
ग) मसौदा मास्टर प्लान को लागू करने के प्रावधान और विकास, निर्माण या पुनर्निर्माण के लिए अनुमति प्राप्त करने का तरीका।
घ) सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए भूमि अधिग्रहण की अनुमानित लागत और मसौदा मास्टर प्लान के कार्यान्वयन में शामिल कार्यों की लागत।
ङ) मास्टर प्लान की विभिन्न परियोजनाओं की प्राथमिकताएँ और मास्टर प्लान के कार्यान्वयन में विभिन्न एजेंसियों को सौंपी गई भूमिका।

**नगर योजनाकार,**
अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन,
श्री विजय पुरम

## ई–निविदा सूचना

कार्यपालक अभियंता, पंचायती राज संस्थान, दक्षिण अण्डमान मण्डल– I, श्री विजय पुरम, दक्षिण अण्डमान, प्रधान, ग्राम पंचायत, सिप्पीघाट की ओर से, निम्नलिखित कार्यों के लिए उचित श्रेणी के योग्य व अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबंद मद दर (के.लो.नि.वि.–8 के प्रपत्र के रूप में) आमंत्रित करते है।

एन. आई. टी. संख्या : क.अ./पी आर आई/एस ए डी– I/जीईएन/2025–26/225
कार्य का नाम : सिप्पीघाट ग्राम पंचायत के अंतर्गत टेलराबाद वार्ड संख्या 03 में सांस्कृतिक शेड की फेंसिंग।
अनुमानित लागत रु. 32,22,260/–, धरोहर राशि : रु. 64,445/–, कार्य समाप्ति की अवधि : (12) बारह माह।
निविदा शुल्क : रु. 500/–, बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 10/04/2026 के सायं 3.00 बजे तक।
निविदा प्रपत्र और अन्य विवरण वेबसाइट https://eprocure.andamannicobar.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं।
टेंडर आई डी : 2026_RDPRI_22583_1

कार्यपालक अभियंता,
पंचायती राज संस्थान, दक्षिण अण्डमान मण्डल– I,
जंगलीघाट, श्री विजय पुरम, दक्षिण अण्डमान

# अमरावती को आंध्र प्रदेश की स्थायी राजधानी के रूप में मान्यता देने वाला विधेयक लोकसभा में पारित

नई दिल्ली, 01 अप्रैल।

अमरावती को आंध्र प्रदेश की एकमात्र और स्थायी राजधानी के रूप में मान्यता देने वाला बिल बुधवार को लोकसभा में पास हो गया, कांग्रेस, भाजपा और टीडीपी ने इसका समर्थन किया। यह बिल, जो अमरावती को एकमात्र और स्थायी राजधानी बनाने के फैसले को बदलने की भविष्य की किसी भी कोशिश को रोक देगा, लोकसभा में ध्वनि मत से पास हो गया।



बहस में हिस्सा लेते हुए, टीडीपी सदस्य और केंद्रीय ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने भी सदन से अपील की कि बिल को एकमत से पास किया जाए क्योंकि इससे आंध्र प्रदेश के लिए एक स्थायी राजधानी पक्की हो जाएगी. बिल का समर्थन करते हुए, भाजपा सदस्य सीएम रमेश ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी खास जगह को राज्य की राजधानी घोषित करने के लिए संसद में बिल लाया गया है.

उन्होंने कहा कि अब से कोई भी आंध्र प्रदेश की राजधानी के साथ खिलवाड़ नहीं कर पाएगा क्योंकि अमरावती ही राज्य की एकमात्र और स्थायी राजधानी होगी. उन्होंने कहा, "यह बिल यह पक्का करेगा कि कोई भी आंध्र प्रदेश की राजधानी के साथ खिलवाड़ नहीं करेगा. हम आंध्र प्रदेश के लिए एक स्थायी राजधानी चाहते हैं और फिर राजस्व आएगा और राज्य तरक्की करेगा."

दरअसल, आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2014 के तहत राज्य के विभाजन के बाद हैदराबाद को तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की साझा राजधानी बनाया गया था। इस व्यवस्था की समय सीमा अधिकतम 10 साल तय की गई थी। इसके बाद हैदराबाद केवल तेलंगाना की राजधानी बनना था और आंध्र प्रदेश को अपनी नई राजधानी स्थापित करनी थी।

इसके बाद आंध्र प्रदेश सरकार ने विचार–विमर्श, योजना और परामर्श के बाद अमरावती को नई राजधानी के रूप में चिह्नित किया। इस दिशा में प्रशासनिक, विधायी और बुनियादी ढांचे से जुड़े कई बड़े कदम उठाए गए ताकि अमरावती को एक पूर्ण विकसित राजधानी के रूप में स्थापित किया जा सके। अब प्रस्तावित संशोधन विधेयक के जरिए 2014 के कानून की धारा 5(2) में बदलाव कर अमरावती का नाम आधिकारिक रूप से राज्य की राजधानी के तौर पर शामिल किया जाएगा।

# 'स्पोर्ट्स अल्फाबेट' प्रोजेक्ट 21 भाषाओं में लॉन्च, खेल संस्कृति को बढ़ावा देना लक्ष्य

नई दिल्ली, 01 अप्रैल।

इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में 21 भाषाओं में एक साथ स्पोर्ट्स अल्फाबेट बुकलेट लॉन्च की गई। यह अपने आप में एक अनोखा पहला है जो बच्चों में खेल की जानकारी (स्पोर्ट्स लिटरेसी) को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। खेलः जीने का एक जरिया (स्पोर्ट्सः ए वे ऑफ लाइफ) के तहत आयोजित किए गए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्रा ने की। लॉन्च सेरेमनी में मशहूर हॉकी प्लेयर, ओलंपियन और अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित अशोक ध्यानचंद के साथ–साथ संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ. मिलिंद पांडे और कई सांसद शामिल हुए।

स्पोर्ट्स अल्फाबेट लांच का करने का विचार कॉन्सेप्ट ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष और एक खेल रिसर्चर कनिष्क पांडे ने विकसित किया है। इस प्रोजेक्ट को भारत में खेल संस्ःति को बढ़ावा देने के लक्ष्य और एक दशक से ज्यादा की रिसर्च और प्रयोग के बाद लांच किया गया है। इस अवसर पर कनिष्क पांडे ने कहा, "जैसे अल्फाबेट बच्चों के लिए पढ़ाई का आधार होते हैं, वैसे ही स्पोर्ट्स अल्फाबेट खेल में दिलचस्पी पैदा करने की दिशा में पहला कदम हो सकते हैं। ये बुकलेट बच्चों को अक्षर और पढ़ना सीखने में मदद करके दोहरा फायदा देती हैं, साथ ही खेल से जुड़ाव भी बनाती हैं।"

उन्होंने कहा, "इस पहल का मकसद खेल के प्रति जागरुकता को बढ़ाना, खेल और शिक्षा को एक–दूसरे का पूरक बनाना, किंडरगार्टन स्तर पर अनुशासन, नेतृत्व और फैसले लेने जैसे खेल के मूल्य सिखाना, और आउटडोर शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा देकर बच्चों की मोबाइल फोन, कंप्यूटर और ऑनलाइन गेमिंग पर निर्भरता कम करना है।" उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड, यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी जैसे बड़े वैश्विक संस्थानों के उदाहरण दिए, जो पढ़ाई और खेल दोनों में बहुत अच्छे हैं, और जिनके छात्र ओलंपिक स्तर पर अपने देशों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

स्पोर्ट्स अल्फाबेट बुकलेट्स कई भारतीय भाषाओं में बनाई गई हैं, जिनमें हिंदी, इंग्लिश, उर्दू, संस्कृत, मराठी, बांग्ला, खासी, भोजपुरी, बुंदेली, राजस्थानी, कुमाऊंनी, गढ़वाली, कश्मीरी, पंजाबी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़, ओडिया, मलयालम, और गुजराती शामिल हैं, साथ ही दो विदेशी भाषाएं अरबी और नेपाली भी शामिल हैं।

# कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग नई दिल्ली में आज से साधना सप्ताह आयोजित करेगा

नई दिल्ली, 01 अप्रैल।

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, क्षमता निर्माण आयोग और कर्मयोगी भारत मिलकर कल से नई दिल्ली में एक सप्ताह का साधना सप्ताह आयोजित कर रहे हैं। इसका उद्देश्य देशभर के सिविल सेवकों की क्षमता, कार्यकुशलता और दक्षता में सुधार करना है। केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, संगठनों और राज्यों के सभी स्तरों के कर्मचारी और अधिकारी सप्ताह भर चलने वाले अभ्यास में आई गॉट प्लेटफॉर्म और अन्य माध्यमों से भाग लेंगे। क्षमता निर्माण आयोग की अध्यक्ष एस. राधा चौहान ने कहा कि साधना सप्ताह के दौरान यह देखा जाएगा कि क्षमता निर्माण किस प्रकार विकसित भारत के उद्देश्यों को साकार करने में सहायक है। अध्यक्ष ने कहा कि आई गॉट क्षमता निर्माण के लिए एक संपूर्ण प्लेटफॉर्म है जो विशिष्ट मांगों के आधार पर व्यवहारिक, कार्यात्मक और डोमेन–संबंधित पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

क्षमता निर्माण आयोग के सचिव जगदीप गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम मिशन कर्मयोगी के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवा का निर्माण करना है।

# नया वित्तीय साल, नए नियमः आयकर से लेकर एलपीजी तक, जानिए 1 अप्रैल से क्या–क्या हुए बदलाव

नई दिल्ली, 01 अप्रैल।



भारत में 1 अप्रैल, 2026 से नया वित्तीय वर्ष शुरू होते ही आम आदमी की आर्थिक जिंदगी में कई बड़े बदलाव लागू हो गए हैं। करीब 65 साल पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह अब नया आयकर अधिनियम 2025 लागू हो गया है, जिसका उद्देश्य टैक्स सिस्टम को सरल, पारदर्शी और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाना है। इसके साथ ही जीएसटी व्यवस्था, बैंकिंग नियम, डिजिटल पेमेंट और रोजमर्रा के खर्चों से जुड़े कई अहम बदलाव भी लागू हुए हैं, जिनका सीधा असर आपकी जेब पर पड़ेगा।

नए टैक्स सिस्टम के तहत अब 'फाइनेंशियल ईयर' और 'असेसमेंट ईयर' की जगह सिर्फ 'टैक्स ईयर' की व्यवस्था लागू की गई है, जिससे टैक्स कैलकुलेशन आसान हो जाएगा। सरकार ने 12 लाख रुपए तक की आय को करमुक्त रखने का ऐलान किया है। साथ ही, टैक्स से जुड़े नियमों को सरल भाषा में पेश किया गया है ताकि आम लोगों को समझने में आसानी हो और अनुपालन बेहतर हो सके।

आईटीआर दाखिल करने की समय सीमा में भी कुछ बदलाव किए गए हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए अंतिम तारीख 31 जुलाई ही रहेगी, जबकि अन्य करदाताओं के लिए यह 31 अगस्त तय की गई है। जिन मामलों में ऑडिट जरूरी है, उनके लिए अंतिम तिथि 31 अक्टूबर होगी।

इसके अलावा, अब गिफ्ट और वाउचर पर टैक्स छूट की सीमा बढ़ाकर 15,000 रुपए कर दी गई है, जो पहले 5,000 रुपए थी। बच्चों के शिक्षा और हॉस्टल भत्ते में भी बड़ी बढ़ोतरी की गई है, जिससे परिवारों को राहत मिलेगी।

हालांकि, इस बीच महंगाई का दबाव भी बढ़ता नजर आ रहा है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में 195.50 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली में 19 किलो वाले सिलेंडर की कीमत 2078.50 रुपए तक पहुंच गई है, जो पहले 1884.50 रुपए थी। इसका असर होटल और रेस्टोरेंट के खाने–पीने की कीमतों पर पड़ सकता है, जिससे आम लोगों का खर्च बढ़ना तय है। हालांकि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है।

सरकारी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने राष्ट्रीय राजधानी में अपने प्रीमियम फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी की है। एक्सपी100 पेट्रोल की कीमत अब 160 रुपए प्रति लीटर हो गई है, जो पहले 149 रुपए थी। इसी तरह कंपनी ने एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल (प्रीमियम डीजल) की कीमत भी बढ़ा दी है। अब दिल्ली में इसकी कीमत 92.99 रुपए प्रति लीटर हो गई है, जो पहले 91.49 रुपए थी। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू–राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बावजूद, भारत के प्रमुख शहरों में ईंधन के दाम स्थिर बने हुए हैं।

पैन कार्ड से जुड़े नियम भी सख्त कर दिए गए हैं। अब सिर्फ आधार के आधार पर पैन बनवाना संभव नहीं होगा और अतिरिक्त दस्तावेज देना जरूरी होगा। बड़े लेनदेन के लिए पैन अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही, क्रेडिट कार्ड से बड़े खर्च की जानकारी अब आयकर विभाग को दी जाएगी, जिससे वित्तीय पारदर्शिता बढ़ेगी।

मकान किराया भत्ता (एचआरए) के नियमों को भी कड़ा किया गया है। अब किराये की छूट पाने के लिए मकान मालिक का पैन और अन्य विवरण देना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद को मेट्रो शहरों में शामिल कर लिया गया है, जिससे इन शहरों में रहने वालों को 50 प्रतिशत तक एचआरए छूट मिलेगी।

बैंकिंग और डिजिटल लेनदेन के क्षेत्र में भी बदलाव हुए हैं। अब एटीएम से यूपीआई के जरिए नकद निकासी को भी फ्री ट्रांजेक्शन की लिमिट में गिना जाएगा। वहीं, सभी डिजिटल पेमेंट के लिए 'टू–फैक्टर ऑथेंटिकेशन' अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे ऑनलाइन फ्रॉड पर रोक लगेगी।

यात्रियों के लिए रेलवे नियमों में भी बदलाव किया गया है। अब कंफर्म टिकट पर रिफंड पाने के लिए ट्रेन छूटने से कम से कम 8 घंटे पहले टिकट कैंसिल करना होगा। वहीं, बोर्डिंग स्टेशन बदलने की सुविधा अब ट्रेन छूटने से 30 मिनट पहले तक उपलब्ध रहेगी।

हाईवे पर सफर करने वालों के लिए फास्टैग महंगा हो गया है और टोल प्लाजा पर नकद भुगतान पूरी तरह बंद कर दिया गया है। अब केवल डिजिटल माध्यमों से ही भुगतान करना होगा, अन्यथा जुर्माना देना पड़ सकता है।

# 2 अप्रैल विशेषः खत्म हुआ था 28 साल का इंतजार, दूसरी बार विश्व चैंपियन बनी थी टीम इंडिया

नई दिल्ली, 01 अप्रैल।



भारतीय क्रिकेट के इतिहास में 2 अप्रैल का दिन स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। एमएस धोनी की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने 2 अप्रैल, 2011 को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में श्रीलंका को 6 विकेट से हराकर अपना दूसरा वनडे विश्व कप जीता था। भारतीय टीम की खिताबी जीत ने करोड़ों भारतीय क्रिकेट फैंस के विश्व कप जीतने के 28 साल के इंतजार को समाप्त कर दिया था। इस जीत ने एमएस धोनी को भारतीय क्रिकेट के महानतम कप्तान के तौर पर स्थापित कर दिया था। धोनी इससे पहले टीम इंडिया को अपनी कप्तानी में 2007 में टी20 विश्व कप में चैंपियन बना चुके थे।

पूरे विश्व कप में अपनी कप्तानी से प्रभावित करने वाले धोनी ने फाइनल में 91 रन की नाबाद पारी खेली थी। धोनी के विजयी छक्के को अभी भी भारतीय क्रिकेट इतिहास का सबसे यादगार छक्का माना जाता है। मैच की बात करें तो श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। महेला जयवर्धने के 88 गेंदों पर बनाए नाबाद 103 और कुमार संगाकारा के 48 रन की बदौलत श्रीलंका ने 6 विकेट पर 274 रन बनाए थे।

भारत ने 48.2 ओवर में 4 विकेट पर 277 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीता था और 6 विकेट से विश्व कप अपने नाम किया। भारत के लिए गौतम गंभीर ने 97, धोनी ने नाबाद 91, विराट कोहली ने 35, और युवराज सिंह ने नाबाद 21 रन बनाए थे। धोनी को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया था। टूर्नामेंट में 362 रन बनाने और 15 विकेट लेने वाले युवराज सिंह को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था।

बता दें कि टीम इंडिया ने कपिल देव की कप्तानी में अपना पहला विश्व कप 1983 में वेस्टइंडीज को हराकर जीता था। इसके 20 साल बाद सौरव गांगुली की कप्तानी वाली भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका में 2003 में खेले गए विश्व कप में फाइनल में पहुंची थी, लेकिन उस वक्त रिकी पोंटिंग की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलिया ने भारत का विश्व कप जीतने का सपना तोड़ दिया था। 2023 में भी ऐसा ही हुआ जब रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम को पैट कमिंस की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल में हराकर खिताब जीतने का सपना तोड़ दिया था। भारतीय टीम 4 बार वनडे विश्व कप का फाइनल खेली है, जिसमें 2 बार सफलता मिली है।

# इतिहास के पन्नों में 02 अप्रैल : 1986 में ट्रांस वर्ल्ड एयरलाइंस के बोइंग विमान हादसे की त्रासदी

नई दिल्ली, 01 अप्रैल।

इतिहास में 02 अप्रैल की तारीख कई अहम घटनाओं के लिए याद की जाती है, जिनमें एक ओर विमानन जगत की दर्दनाक घटना दर्ज है, तो दूसरी ओर भारत के खेल इतिहास का गौरवशाली पल भी शामिल है। वर्ष 1986 में ट्रांस वर्ल्ड एयरलाइंस के एक बोइंग 727 विमान में भयावह हादसा हुआ था। रोम से काहिरा जा रहे इस विमान में उड़ान के दौरान 11,000 फीट की ऊंचाई पर एक सीट के नीचे रखा बम फट गया। विस्फोट के कारण विमान के ढांचे में बड़ा छेद हो गया, जिससे तेज हवा के दबाव के चलते उस हिस्से में बैठे चार यात्री विमान से बाहर गिर गए। इन पीड़ितों में आठ महीने की एक बच्ची भी शामिल थी।

गंभीर स्थिति के बावजूद पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान को सुरक्षित रूप से एथेंस में उतार लिया, जिससे बाकी यात्रियों की जान बचाई जा सकी। इस हमले की जिम्मेदारी अरब रिवोल्यूशनरी सेल्स की एजेंसी कासम यूनिट ने ली थी, जिसने इसे लीबिया के खिलाफ अमेरिकी बमबारी का बदला बताया।

महत्वपूर्ण घटनाचक्र– 1679 – मुगल बादशाह औरंगजेब ने अपनी सल्तनत के हिंदुओं पर फिर से जजिया कर लगाया। इस कर को अकबर ने समाप्त किया था।

1902 – लॉसएंजिलिस में पहला मोशन पिक्चर थिएटर खुला।

1902 – हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के फनकार बड़े गुलाम अली खां का जन्म।

1912 – टाइटैनिक का सामुद्रिक परीक्षण शुरू।

1921– अल्बर्ट आइंस्टीन ने अपने नए सापेक्षता के सिद्धांत पर न्यूयॉर्क शहर में व्याख्यान दिया।

1970– मेघालय असम राज्य के भीतर एक स्वायत्त राज्य बना।

1982 – अर्जेंटिना ने दक्षिणी अटलांटिक महासागर में स्थित फॉकलैंड द्वीप समूह पर हमला किया।

1984 – स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा, मिशन सोयूज टी–11 के तहत अंतरिक्ष जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बने।

1986 – अमेरिकी विमानन कंपनी के बोइंग विमान में बीच हवा में बम फटने से सुराख हुआ। चार यात्री हवा के दबाव से विमान से गिरे। पायलट ने विमान को सुरक्षित उतारा।

1989 – फिलिस्तीन मुक्ति संगठन के नेता यासर अराफात फिलिस्तीन के राष्ट्रपति निर्वाचित।

1997 – सुमिता सिन्हा ने एक रिकार्ड बनाया, जब 3200 किलोग्राम वजन का एक ट्रक उनके ऊपर से गुजरा।

1999 – मास्को में स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रकुल (सीआईएस) की शिखर बैठक सम्पन्न।

2001 – नेपाल में माओवादी विद्रोहियों द्वारा 35 पुलिस अधिकारियों की हत्या।

2007 – सोलोमन द्वीप में शक्तिशाली सुनामी आयी।

2008 – कर्नाटक में तीन चरणों में विधान सभा चुनाव कराने की घोषणा। रामराव समिति ने रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में रक्षा तकनीकी आयोग गठित करने की सिफारिश की।

# जनगणना 2027 हेतु पर्यवेक्षकों एवं गणनाकारों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

पृष्ठ 1 का शेष

**Dates : 4th, 6th and 07tt April, 2026**
**Venue: Dr B R Ambedhkar Auditorium (SVPMC HQ Premises) Time: 9:00 AM to 5:00 PM (on all three days)**

**Batch 5**

| S No | Name | Role | Designation | Office Name and Address | Mobile No |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | M S Heaven | Enumerator | GTT | GMSSS Aberdeen | 9474272597 |
| 2 | Sweta Kishen | Enumerator | GTT | GMSSS Aberdeen | 9476092948 |
| 3 | Violet Gnanadeepam | Supervisor | PGT | GMSSS Aberdeen | 9476016377 |
| 4 | Sadakat Ali | Enumerators | GTT | GMSSS Aberdeen | 9434273756 |
| 5 | G Bujenga Rao | Enumerators | Librarian | GMSSS Aberdeen | 9474276805 |
| 6 | Sridevi M | Enumerators | Lab Assistant | GMSSS Aberdeen | 9476037143 |
| 7 | Vijaya Kumar | Enumerators | Lab Assistant | GMSSS Aberdeen | 9474227578 |
| 8 | V Radhika | Enumerators | CI | GMSSS Aberdeen | 9434276802 |
| 9 | Basona Halder | Enumerators | CI | GMSSS Aberdeen | 9476059901 |
| 10 | Safeena Begum | Enumerators | CI | GMSSS Aberdeen | 9531940104 |
| 11 | Nehemiah Thomas | Enumerators | PET | GMSSS Aberdeen | 9474245345 |
| 12 | Aji Thomas | Enumerators | CI | GMSSS Aberdeen | 9474208300 |
| 13 | M Sathaiah | Enumerators | PST | GMSSS Aberdeen | 9434270249 |
| 14 | R Konda Rao | Enumerators | PST | GMSSS Aberdeen | 9474214861 |
| 15 | Ramchandran | Enumerators | PST | GMSSS Aberdeen | 9933238788 |
| 16 | Rajesh Chander Ojha | Enumerators | PST | GMSSS Aberdeen | 9434298040 |
| 17 | Murli | Enumerators | PST | GMSSS Aberdeen | 9474246485 |
| 18 | M Ramesh | Enumerators | PST | GMSSS Aberdeen | 9531851252 |
| 19 | C Venkat Ramana | Enumerators | GTT | GMSSS Aberdeen | 9474266074 |
| 20 | Ranjana Devi | Supervisor | PGT | GMSSS Aberdeen | 9474209901 |
| 21 | Sheela | Enumerator | PST | GMS ABERDEEN HINDI | 9531911417 |
| 22 | V Priya Devi | Enumerators | PST | GMS ABERDEEN HINDI | 9474229410 |
| 23 | M Murugeshwari | Enumerators | PST | GMS ABERDEEN HINDI | 9474242191 |
| 24 | Golap | Enumerators | CI | GSSS BOYS | 9474232013 |
| 25 | Jaymala Chakraborty | Enumerators | CI | GSSS BOYS | 9476059044 |
| 26 | Sam Raj | Enumerators | PET | GSSS BOYS | 9434269829 |
| 27 | Parimal Haldar | Enumerator | PET | Gsss Shoal bay-12 | 9434262290 |
| 28 | Thajeshwar Rao | Enumerators | Lab Assistant | GSSS BOYS | 9933240565 |
| 29 | Saritha | Enumerators | Lab Assistant | GSSS BOYS | 9476062769 |
| 30 | Bala Krishnan | Enumerators | Lab Assistant | GSSS BOYS | 9933289640 |
| 31 | R Manjula Madhavan | Enumerators | CI | GSSS BOYS | 9474294501 |
| 32 | A G Praveen Rao | Enumerators | PET | GSSS BOYS | 9474230278 |
| 33 | Jhantu Das | Enumerator | PST | GRBV | 9474206057 |
| 34 | Manik Joydhar | Enumerators | GTT | GRBV | 9474208304 |
| 35 | Vettapan | Enumerators | C I | GRBV | 9474206384 |
| 36 | Rani Darpan | Enumerators | LIB. | GRBV | 9434275705 |
| 37 | Chakradhar Das | Enumerators | PST | GRBV | 9434299783 |
| 38 | Snigdha Mondal | Enumerators | PST | GRBV | 9474282502 |
| 39 | Sudeepta Mridha | Enumerators | PST | GRBV | 9474215651 |
| 40 | Sanjib Kumar Roy | Enumerator | GTT | GRBV | 9476057987 |
| 41 | Bikash Bairagi | Enumerators | PST | GRBV | 9474209271 |
| 42 | Shruti Bahattacharjee | Enumerators | PST | GRBV | 9476044803 |
| 43 | Smriti Bose | Enumerators | Lab Assistant | GRBV | 9476061008 |
| 44 | Seema Pandey | Enumerators | Lab Assistant | GRBV | 9531804247 |
| 45 | Binodini Kar | Supervisor | PGT | GRBV | 9531895237 |
| 46 | Ashim Bhonik | Enumerator | PST | GRBV | 9476016599 |
| 47 | Anima Bhonik | Enumerator | PST | GRBV | 9474263270 |
| 48 | Devolal Biswas | Supervisor | PGT | GRBV | 9434291311 |
| 49 | Vinod Kumar Singh | Enumerator | Lab Technician | GRBV | 9434294068 |
| 50 | Swampa Gharami | Enumerator | GTT | GRBV | 9531877002 |

**Dates : 4th, 6th and 07tt April, 2026**
**Venue: Kaithan Kalyan Mandapan, Junglighat, Time: 9:00 AM to 5:00 PM (on all three days)**

**Batch 6**

| Sl No | Name | Role | Designation | Office Name and Address | Mobile No |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bhanuwathi | Enumerators | PET | GSS JUNGLIGHAT | 9434294695 |
| 2 | E Dhanasekharan | Enumerators | PET | GSS JUNGLIGHAT | 9476044122 |
| 3 | Bina Rani Chaukidar | Enumerators | CI(CRAFT) | GSS JUNGLIGHAT | 9434294403 |
| 4 | Priyanka Talukdar | Enumerators | CI (MUSIC) | GSS JUNGLIGHAT | 9474241585 |
| 5 | J Purushottam | Enumerators | PST | GSS JUNGLIGHAT | 9474203878 |
| 6 | Godwin Anto | Enumerators | PST | GSS JUNGLIGHAT | 9476082346 |
| 7 | Aniruddh Dubey | Enumerators | PST | GSS JUNGLIGHAT | 9476006527 |
| 8 | Pravind Kumar | Enumerators | PST | GSS JUNGLIGHAT | 9474298615 |
| 9 | Supriya Roy | Enumerator | PST | GSSS, School Line | 9474219809 |
| 10 | Adal Arasan | Supervisor | Post Graduate Teacher | GSSS, School Line | 9476045738 |
| 11 | Sumati Mistry | Enumerator | CI | GSSS School Line | 9531987239 |
| 12 | Rama | Enumerator | Physical Education Teacher | GSSS, School Line | 9474212076 |
| 13 | JAMAL AHMED | Supervisor | PGT | GSSS, School Line | 9434269332 |
| 14 | Flyvia Martin | Enumerators | Librarian Gr-II | GOVT. GIRLS SR. SEC SCHOOL | 9434267455 |
| 15 | Nagveni | Enumerators | PST | GOVT. GIRLS SR. SEC SCHOOL | 9474202941 |
| 16 | Chinnamma | Enumerators | PST | GOVT. GIRLS SR. SEC SCHOOL | 9434295379 |
| 17 | Chandrakala | Enumerators | PST | GOVT. GIRLS SR. SEC SCHOOL | 9434291279 |
| 18 | Rajeev Chander Reddy | Enumerator | PST | GOVT. GIRLS SR. SEC SCHOOL | 9474202369 |
| 19 | Seema Kumari | Supervisor | Post Graduate Teacher | GOVT. GIRLS SR. SEC SCHOOL | 9474210557 |
| 20 | C Ganeshan | Enumerator | GTT | GSSS BATHU BASTI | 9434272033 |
| 21 | Monita Barla | Enumerator | GTT | GSSS BATHUBASTI | 9474274846 |
| 22 | C Palaniappan | Supervisor | Post Graduate Teacher | GSSS BATHUBASTI | 9434294863 |
| 23 | M Vanathi | Enumerator | GTT | GSSS BATHUBASTI | 9474267337 |
| 24 | Sushma Singh | Enumerator | PST | PM SHRI GSSS PROTHRAPUR | 9474211292 |
| 25 | M Sakeena | Enumerator | CI | PM SHRI GSSS PROTHRAPUR | 7029244904 |
| 26 | Razia Begum | Enumerator | Librarian | PM SHRI GSSS PROTHRAPUR | 9434272009 |
| 27 | Y USHA RANI | Enumerators | LIB | GDMS(S) | 9474210754 |
| 28 | BABITA RAI | Enumerators | CI | GDMS(S) | 9531920995 |
| 29 | HAMSAVALLI | Enumerators | PST | GDMS(P) | 9474231002 |
| 30 | UZMA MUBEEN | Enumerators | PST | GDMS(P) | 9531831164 |
| 31 | K V Firoj Mohammed | Enumerators | PET | GDMS(S) | 9476081778 |
| 32 | T K Rajita | Enumerator | GTT | GSSS BOYS | 9531895654 |
| 33 | Smti Sherly Varghese | Enumerators | Librarian | GMS LALTHA SINGH GROUND | 9679559728 |
| 34 | Saw Pharaw | Enumerators | PST | GMS LALTHA SINGH GROUND | 9474236820 |
| 35 | SWAPAN DUTTA | Enumerators | PST | GPS BADMASH PAHAD | 9474214186 |
| 36 | K ABDUL MAJEED | Enumerators | PST | GPS BADMASH PAHAD | 9476075715 |
| 37 | Bikash Biswas | Enumerator | GTT | GMS GUPTAPARA | 9474293094 |
| 38 | Ratan Das | Enumerator | PST | GMS GUPTAPARA | 9474214530 |
| 39 | ANISHA BANU | Enumerators | PET | GMS DUGNABAD | 9474256412 |
| 40 | Shaileh Kumar | Supervisor | GTT | GMS Dugnabad | 9531836258 |
| 41 | S Beena | Enumerators | PST | GMS DUGNABAD | 9474231948 |
| 42 | G Raghu | Enumerator | GTT | GSSS HADDO (ENGLISH & TELUGU) | 9434293017 |
| 43 | Vijetha Singh | Enumerator | GTT | GSSS HADDO | 9474291892 |
| 44 | M Manikumar | Enumerator | GTT | GSSS HADDO | 9474217989 |
| 45 | Irenious V | Supervisor | PGT | Govt. Sr Sec School Haddo (EM) | 9531846416 |
| 46 | Animesh Lall | Supervisor | PGT | GSSS HADDO | 9476022025 |
| 47 | T Lakshmana Rao | Enumerator | PST | GSSS Haddo | 9434287389 |
| 48 | Samira Begum | Supervisor | Lecturer | DIET Garacharma | 9933240563 |
| 49 | Samina Moosa K | Enumerator | MTS | DIET Garacharma | 7063949222 |

Dates : 4th, 6th and 07tt April, 2026
Venue: Tagore College, Middle Point, Time: 9:00 AM to 5:00 PM (on all three days)

**Batch 7**

| SNo | Name | Role | Designation | Office Name and Address | Mobile No |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | P V Krishna Narayan Rao | Supervisor | Planning Assistant | CE Office APWD | 7063907592 |
| 2 | Shameem Fatma | Supervisor | Planning Assistant | CE Office APWD | 7063904460 |
| 3 | Y Yamakkuch | Supervisor | Planning Assistant | CE Office APWD | 9476086575 |
| 4 | Shamma | Supervisor | Planning Assistant | CE Office APWD | 9679502081 |
| 5 | D Maheshwar Rao | Supervisor | Planning Assistant | CE Office APWD | 9933200460 |
| 6 | Sudipto Sarkar | Supervisor | Planning Assistant | CE Office APWD | 9361573290 |
| 7 | Lata Dutta | Supervisor | Junior Engineer | APWD EE South Division | 9474250239 |
| 8 | V Jyothi | Supervisor | Head Clerk | APWD EE South Division | 9434285203 |
| 9 | Vanmeeka Nathan | Supervisor | Junior Engineer | APWD, SVP | 9476088247 |
| 10 | Feroz Ali | Supervisor | Junior Engineer | APWD, SVP | 9434287867 |
| 11 | Anita Rani Das | Supervisor | Junior Translation Officer | APWD, SVP | 9434274412 |
| 12 | Malti Devi | Enumerator | Surveyor | CE Office APWD | 9933296385 |
| 13 | Tarrana | Enumerator | Surveyor | CE Office APWD | 9531874747 |
| 14 | Rasheeda Bibi | Enumerator | Surveyor | CE Office APWD | 9476066922 |
| 15 | V Shanmugam | Enumerator | Draughtsman | APWD, SVP | 9434261375 |
| 16 | S Rajendran | Enumerator | Draughtsman | APWD, SVP | 9434262592 |
| 17 | Lala Ram | Enumerator | Draughtsman | APWD, SVP | 9434272136 |
| 18 | M Narayan Rao | Enumerator | LGC | EE, Workshop division, APWD, SVP Supply Lane | 9531894595 |
| 19 | S Nirmala | Enumerator | MTS | Executive Engineer, Store Division, APWD | 9434294328 |
| 20 | S Meena | Enumerator | HGC | APWD, SVP | 9474257022 |
| 21 | D Nirmala Rao | Enumerator | HGC | APWD, SVP | 9679542153 |
| 22 | Rukhiya Bibi | Enumerator | HGC | APWD, SVP | 9531804029 |
| 23 | Charuvesh Koshti | Supervisor | Assistant (Arch Dept) | Chief Engineer Office, Nirman Bhawan, APWD, SVP | 9834610965 |
| 24 | K Saira Bibi | Supervisor | Planning Assistant | Town and County Planning Unit, APWD, CE Office | 9679592238 |
| 25 | Sumit Biswas | Enumerator | Lower Grade Clerk | Directorate of Fisheries | 9476035664 |
| 26 | Bindu | Enumerator | Casual Mazdoor | SVPMC | 9679516395 |
| 27 | ANJALI BAI | Supervisor | Architectural Assistant | APWD, SVP | 9474212228 |
| 28 | G Udayan Pillai | Enumerator | MTS | APWD, SVP | 9933282065 |
| 29 | Preeti Devi | Supervisor | Planning Assistant | TCP Unit, APWD, CE Office | 9933246948 |
| 30 | Sanjay Kumar Haldar | Enumerator | Surveyor | T&CP Unit, APWD, CE Office | 9434289463 |
| 31 | Pandichelvam | Enumerator | Draughtsman Gr II(Civil) | T&CP Unit, APWD, CE Office | 9434274084 |
| 32 | Ajay Kumar | Enumerator | Surveyor | T&CP Unit, APWD, CE Office | 9434264382 |
| 33 | C S Jay Kumar | Enumerator | Surveyor | T&CP Unit, APWD, CE Office | 8293441973 |
| 34 | Sabira Bibi | Enumerator | Surveyor | T&CP Unit, APWD, CE Office | 9679580596 |
| 35 | Sanjay Kumar | Enumerator | Lab attendant | DBRAIT | 9474212915 |
| 36 | S Vigneshwaran | Enumerator | Workshop laboratory assistant | DBRAIT | 9933274807 |
| 37 | Ameer Mohammed | Enumerator | Lab attendant | DBRAIT | 9476035621 |
| 38 | George Meshack | Enumerator | Lab Technician | DBRAIT | 9476037496 |
| 39 | Vijai Kishen | Enumerator | Plumber | DBRAIT | 8900963961 |
| 40 | Alok Bora | Enumerator | Lab Technician | DBRAIT | 9933265792 |
| 41 | S Sunanda Kumari | Enumerator | Foreman | DBRAIT | 9531945714 |
| 42 | Prabhu H Garchi | Supervisor | Assistant Professor | DBRAIT | 8769930404 |
| 43 | C Selva Kumar | Enumerator | Lab Technician | DBRAIT | 9933292822 |
| 44 | Gopal Roy | Enumerator | Instructor Mechanical Workshop | DBRAIT | 9531993859 |
| 45 | Dharmendar Mohan | Enumerator | Lab Technician | DBRAIT | 9679562961 |
| 46 | Saikat Biswas | Enumerator | Instructor | DBRAIT | 7073932001 |
| 47 | Saleem Baraik | Supervisor | Physical Instructor | DBRAIT | 9476085003 |
| 48 | Fareeda Banu | Enumerator | Lab Attendant | DBRAIT | 9679558696 |
| 49 | Guna Sekhar | Enumerator | Lab Attendant | DBRAIT | 9434261505 |
| 50 | Ajay Kumar | Enumerator | Store Attendant | DBRAIT | 9315943339 |

Dates : 4th, 6th and 07tt April, 2026
Venue: Zilla Parishad Conference Hall, Sri Vijaya Puram, Time: 9:00 AM to 5:00 PM (on all three days)

**Batch 8**

| Sl No | Name | Role | Designation | Office Name and Address | Mobile No |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Aruna Jyoti | Enumerators | PST | GMS Carbyn's cove | 9474229499 |
| 2 | Rajesh kr Singh | Enumerators | GTT (Maths) | GMS Carbyn's cove | 9434263322 |
| 3 | DHANALAXMI | Enumerators | LIB GR-II | GSS SOUTH POINT | 9476043170 |
| 4 | SANJUGTA DEVI | Enumerators | CI (T&E) | GSS SOUTH POINT | 9476073765 |
| 5 | PRATHIMA YADAV | Enumerators | PST | GSS SOUTH POINT | 9531853099 |
| 6 | Nira | Enumerator | GTT | PM SHRI GSSS GARACHARMA | 8900950860 |
| 7 | Kongkan Kumar Gayen | Supervisor | Post Graduate Teacher | GSSS GARACHARMA | 9474214173 |
| 8 | P SHANTHI RANI | Enumerator | GTT | GSS DAIRYFARM, DAIRY FARM | 8900984079 |
| 9 | Sadhan Kumar Biswas | Enumerator | GTT | GDMS Secondary, Middle Point, SVP | 9434299384 |
| 10 | S Sobha | Enumerator | GTT | GSSS Port Mout | 9434278093 |
| 11 | S Siva Kumar | Enumerator | GTT | GMS NEW BIMBLITAN | 9434276320 |
| 12 | Janaki Devi | Enumerator | PST | GPS INDIRA NAGAR | 9474236272 |
| 13 | RUCHI PRASAD | Enumerator | PST | GSS CALICUT | 9476099300 |
| 14 | Susmita Mazumdar | Enumerators | PST | GPS Nayagaon | 9474297800 |
| 15 | SHANTA KUMAR | Enumerators | GTT | GSSS MOHANPURA | 9474213059 |
| 16 | G Venkata Mina Kumari | Enumerator | PST | GMS MARIAMMAN TEMPLE , AUSTINABAD | 9476023320 |
| 17 | Nakul Dutta | Enumerator | PST | Government Primary School, West Wandoor | 7063989004 |
| 18 | Kauser Parveen Khan | Supervisor | Post Graduate Teacher | GSSS RANGACHANG | 9474259590 |
| 19 | Arba | Supervisor | Head clerk | Principal chief conservatory of Forests | 6296906781 |
| 20 | G Rajesh | Enumerator | Multi Tasking Staff | PCCF (ANI) | 8900945686 |
| 21 | Nilesh Sarkar | Enumerator | Multi Tasking Staff | Van Sadan, PCCF(ANI), Haddo, Sri Vijaya Puram | 9476079140 |
| 22 | Akash sutrodhar | Enumerator | Multi Tasking Staff | PCCF (ANI) Office , Van Sadan, Haddo | 7695010901 |
| 23 | Sumit Bain | Supervisor | Senior Investigator | O/o Planning Section, Secretariat | 7063938328 |
| 24 | P Venket Ramana | Supervisor | Senior Investigator | Electricity Department | 9531845654 |
| 25 | Kokila Devi | Supervisor | GTT | GSS South Point | 9531815859 |
| 26 | Suranjan Maitra | Supervisor | GTT | GMS Wandoor | 9434275410 |
| 27 | Karuna Kirtunia | Enumerator | PST | GDMS(P) | 9531810062 |
| 28 | Kishor Kumar Roy | Enumerator | MTS | SENIOR ARCHITECT UNIT, CHIEF ENGINEER OFFICE, APWD, SRI VIJAYA PURAM | 9476020002 |
| 29 | Musadique Rahman | Enumerator | MTS | CE Office, APWD | 9476024180 |
| 30 | Y Kaveri | Enumerator | MTS | PCCF (ANI) | 9679500860 |
| 31 | J Sandhya | Enumerator | Higher Grade Clerk | CE Office, APWD | 8900923221 |
| 32 | Antony Sonnia | Enumerator | MTS | CE Office, APWD | 9933245006 |
| 33 | CH Nageshwar Rao | Enumerator | WCM | SVPMC | 9474225444 |
| 34 | Balram Swamy | Enumerator | CM | SVPMC | 9476044033 |
| 35 | G Venkatesh | Enumerator | CM | SVPMC | 9679525467 |
| 36 | Rajesh lall | Enumerator | WCM | SVPMC | 7063960051 |
| 37 | V Gyaneshwar Rao | Enumerator | CM | SVPMC | 9933219901 |
| 38 | A Iruday Raj | Enumerator | WCM | SVPMC | 9933237048 |
| 39 | D Kurma Rao | Enumerator | CM | SVPMC | 7063991705 |
| 40 | A Mathuraiveeran | Enumerator | CM | SVPMC | 9933236566 |
| 41 | Rajan | Enumerator | CM | SVPMC | 9679557854 |
| 42 | Yogesh CM | Enumerator | CM | SVPMC | 9933245007 |
| 43 | G Appa Rao | Enumerator | WCM | SVPMC | 9933243811 |
| 44 | A Subramani | Enumerator | Peon | SVPMC | 9933247074 |

अपर प्रभार जनगणना अधिकारी, एसवीपीएमसी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में सभी संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि वे प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों, क्योंकि जनगणना 2027 के सफल संचालन हेतु उनकी भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। एसवीपीएमसी ने सभी नियुक्त अधिकारियों से इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में पूर्ण सहयोग देने की अपील की है।

# विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस 2026: समझ, स्वीकार्यता और सम्मान की ओर एक कदम

नई दिल्ली, 01 अप्रैल।

हर साल 2 अप्रैल को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया जाता है। यह दिन सिर्फ एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि हमें यह याद दिलाता है कि हमारे आसपास ऐसे कई लोग हैं जो दुनिया को थोड़ा अलग तरीके से देखते और समझते हैं। उन्हें हमारी सहानुभूति नहीं, बल्कि समझ, स्वीकार्यता और सम्मान की जरूरत है।

ऑटिज्म, जिसे ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) भी कहा जाता है, कोई बीमारी नहीं है जिसे ठीक किया जाए। यह दिमाग के काम करने का एक अलग तरीका है। ऑटिज्म से जुड़े लोग दुनिया को, लोगों को और चीजों को अलग नजरिए से महसूस करते हैं। अक्सर देखा जाता है कि समाज में ऑटिज्म को लेकर कई गलतफहमियां हैं। लोग इसे कमजोरी या कमी समझ लेते हैं, जबकि सच यह है कि यह एक तरह की न्यूरोडायवर्सिटी है। जैसे हर इंसान का स्वभाव अलग होता है, वैसे ही ऑटिज्म वाले लोगों का सोचने और समझने का तरीका भी अलग होता है।

ऑटिज्म के कुछ सामान्य संकेत बचपन में ही दिखने लगते हैं। जैसे बच्चे का आंखों में कम देखना, बोलने में देरी होना, बार–बार एक ही हरकत करना या दिनचर्या में थोड़ा बदलाव होने पर परेशान हो जाना। कुछ बच्चों को तेज आवाज, रोशनी या कुछ खास चीजों से ज्यादा परेशानी भी हो सकती है। लेकिन हर ऑटिज्म से प्रभावित व्यक्ति अलग होता है। किसी में लक्षण ज्यादा होते हैं, तो किसी में कम।

समाज में फैली गलतफहमियों को दूर करने के लिए सबसे जरूरी है जागरूकता। जब तक हमें सही जानकारी नहीं होगी, हम सही व्यवहार भी नहीं कर पाएंगे। हमें यह समझना होगा कि ऑटिज्म कोई गलत चीज नहीं है, बल्कि एक अलग तरह की क्षमता है। दूसरी चीज है स्वीकार्यता। हमें ऑटिज्म वाले लोगों को बदलने की कोशिश करने के बजाय उन्हें वैसे ही स्वीकार करना चाहिए जैसे वे हैं। अगर कोई बच्चा थोड़ा अलग व्यवहार करता है, तो उसे जज करने के बजाय समझने की कोशिश करनी चाहिए।

तीसरी और सबसे अहम चीज है सम्मान। हर इंसान की तरह ऑटिज्म से जुड़े लोगों को भी बराबरी का हक है, चाहे वो स्कूल हो, नौकरी हो या समाज। उन्हें भी अपने सपनों को पूरा करने का पूरा अधिकार है। आज के समय में कई संगठन और स्कूल इस दिशा में काम कर रहे हैं। अब पहले की तुलना में लोग ज्यादा जागरूक हो रहे हैं।